# कार्यालय नगर आयुक्त नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

दूरभाष– 05944.242400, e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांकः– 460 /अधि0 अनु0/2023–24/P.B. दिनांकः– 27 मई, 2023

## "ई– निविदा सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा नगर निगम, रूद्रपुर कार्यालय में 41 नग बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन (फेस एवं फिंगर डिटेक्टिव) की आपूर्ति हेतु इच्छुक सेवाप्रदाता संस्थाओं/फर्मो, ठेकेदारों/एजेन्सीयों से दिनांक 29.05.2023 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 12.06.2023 की सांय 05:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के अन्तर्गत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13.06.2023 को प्रातः 12:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र उत्तराखण्ड की वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर डाउनलोड व अपलोड किये जायेगें तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट **www.nagarnigamrudrapur.com** पर भी देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।

–ह0–
(विशाल मिश्रा)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर)

–ह0–
(रामपाल सिंह)
महापौर
नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर)

# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel--05944-242400 E-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांक – 460 /अधि0अनु0/2022–23 दिनांक– 27 मई, 2023

प्रतिलिपिः–

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. सम्पादक, हिन्दुस्तान एवं राष्ट्रीय सहारा दैनिक को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को साईज 6X8 सेमी0 में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत या उससे अधिक छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक मे प्रकाशन का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल के साथ समाचार पत्र की दो प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. श्री तपन कुमार राय, डा.इ.आ., नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना एव निविदा की शर्तों को उपरोक्तानुसार उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in एवं नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड कर निविदा सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

दूरभाष– 05944-242400 e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com


## नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में 41 नग बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन की आपूर्ति हेतु ई–निविदा की शर्तें:–

निविदा फार्म का मूल्य रू0 500+90 (GST 18%)=590.00

1. ई–निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 रू0 500.00+90.00 (GST 18%) कुल धनराशि रू0 590.00 (पॉच सौ नब्बे मात्र) का बैंक ड्राफ्ट, जो नगर आयुक्त नगर निगम, रूद्रपुर के पक्ष में हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा तकनीकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की धनराशि Non-refundable होगी।
2. तकनीकी निविदा के साथ रू0 12,000.00 (रू0 बारह हजार मात्र) का नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर के नाम से बन्धक एफडीआर धरोहर धनराशि के रूप में संलग्न कर जमा करनी अनिवार्य होगी अन्यथा तकनीकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी।
3. निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा को एक लिफाफे में भरकर लिफाफे के उपर **"बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन की आपूर्ति हेतु निविदा"** लिखकार जमा करानी होगी।
4. केवल उन्ही निविदा दाताओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी, जिन्होने तकनीकी निविदा में सफलता प्राप्त की है। निर्धारित प्रपत्र में तकनीकी निविदा के साथ वाछिंत प्रपत्र संलग्न किये जाने अनिवार्य है।
5. जिस फर्म का टेण्डर स्वीकृत होगा उसकी कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर राशि के रूप मे जमा करायी जायेगी, अन्य की धरोहर राशि उनके टेण्डर स्वीकृत न होने की दशा में वापस कर दी जायेगी।
6. Key Dates निम्नानुसार होंगी:–

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1- | Date of Online Publication | 29/05/2023 | 11:00 am |
| 2- | Documents Download Start Date | 29/05/2023 | 11:00 am |
| 3- | Bid Submission Start Date | 29/05/2023 | 11:00 am |
| 4- | Bid Submission End Date | 12/06/2023 | 05:00 pm |
| 5- | Offline Submission of Hard/Original Copy of Documents: End date | 13/06/2023 | 11:00 am |
| 6- | Bid Opening Date | 13/06/2023 | 12:00 pm |

7. सेवाप्रदाता संस्था/फर्म/ठेकेदार का आयकर विभाग एवं उत्तराखण्ड जी0एस0टी में पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा तकनीकी निविदा के साथ सम्बन्धित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
8. सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नही की जायेगी।
9. सेवाप्रदाता संस्था/फर्म/ठेकेदार द्वारा तकनीकी निविदा के साथ विगत तीन वित्तीय वर्षो (2020–21, 2021–22 व 2022–23) के आई0टी0आर0 को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा। वर्ष 2022–23 की आई0टी0आर0 उपलब्ध न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 की आई0टी0आर0 भी मान्य होगी।

10. सेवाप्रदाता संस्था/फर्म/ठेकेदार को तकनीकी निविदा के साथ विगत तीन वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22, 2022–23) का टर्नओवर के सम्बन्ध में सी0ए0 द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र **(यू0डी0आई0एन0 नम्बर युक्त) एवं बैलेन्स सीट** प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा किसी एक वर्ष का न्यूनतम टर्नओवर रू0 15,00,000.00 (पन्द्रह लाख रूपये मात्र) एवं तीन वर्षों का सम्मिलित करते हुए 45,00,000.00 (पैतालीस लाख रूपये मात्र) होना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं वित्तीय निविदा नहीं खोली जायेगी। वित्तीय वर्ष 2022–23 का टर्नओवर प्रमाण पत्र न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 का टर्नओवर प्रमाण पत्र भी मान्य होगा।
11. निविदादाता को रू0 100.00 के नोटरीकृत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि पूर्व में उसकी फर्म/संस्था को सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट नही किया गया है, तकनीकी निविदा के साथ उसकी मूल प्रति संलग्न करनी होगी।
12. वित्तीय निविदा BOQ प्रारूप में रहेगी, तथा निविदादाता का चुनाव न्यूनतम प्रस्तुत दर के आधार पर किया जायेगा। निविदादाता को अपनी दरे समस्त करों सहित BOQ में अंकित करनी होंगी। प्रत्येक निविदादाता को एक ही निविदा Submit/ डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा Submit/ डालने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा।
13. समस्त बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन फेस एवं फिंगर डिटेक्टिव होने आवश्यक हैं। बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन की वारन्टी अवधि 01 वर्ष होनी अनिवार्य है। उक्त अवधि में उक्त बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीनों में कोई भी खराबी/कमी पाये जाने की दशा में सफल निविदादाता द्वारा उक्त मशीन को बदलना होगा, जिसका नगर निगम रूद्रपुर द्वारा पृथक से काई भुगतान नही किया जायेगा।
14. जिस अधिकृत फर्म की निविदा स्वीकृत होगी, उसे कार्यदेश निर्गत होने के एक सप्ताह के भीतर समस्त बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीनो को स्थापित कर उपस्थिति लिये जाने हेतु संचालित किया जाना आवश्यक होगा।
15. निविदा प्रक्रिया से सम्बन्धित कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर का निर्णय अन्तिम और सभी निविदादाताओं को मान्य एवं बाध्यकारी होगा।
16. निविदा स्वीकृत करने हेतु यदि किसी भी प्रकार का प्रभाव फर्म/एजेन्सियों द्वारा डाला जाता है, तो उसे निविदा हेतु अयोग्य घोषित किया जायेगा।
17. **निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा लिफाफे मे निम्न प्रपत्र प्रेषित किये जाने अनिवार्य है।**
    1. निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट (मूल प्रति)।
    2. धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 (मूल प्रति)।
    3. उत्तराखण्ड में जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रमाणित छायाप्रति।
    4. पैन कार्ड/आयकर पंजीकरण की प्रमाणित छायाप्रति।
    5. विगत तीन वित्तीय वर्षो (2020–21, 2021–22 व 2022–23) के आई0टी0आर0 की स्वप्रमाणित प्रति। वर्ष 2022–23 की आई0टी0आर0 उपलब्ध न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 की आई0टी0आर0 भी मान्य होगी।
    6. विगत तीन वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22, 2022–23) का टर्नओवर के सम्बन्ध में सी0ए0 द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र (यू0डी0आई0एन0 नम्बर युक्त) एवं बैलेन्स सीट की स्वप्रमाणित प्रति। वित्तीय वर्ष 2022–23 का टर्नओवर प्रमाण पत्र न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2019–20 का टर्नओवर प्रमाण पत्र भी मान्य होगा।
    7. सम्बन्धित फर्म के सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट न होने शपथ–पत्र।

18. बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीनो की आपूर्ति हेतु गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना अनिवार्य है। गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता मान्य नही होगा।

19. स्वीकृत फर्म के द्वारा उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित स्टाम्प ड्यूटी के स्टाम्प पेपर पर एक वर्ष तक समस्त बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीनो के संचालन हेतु अनुबन्ध पत्र भरना भी अनिवार्य होगा।

20. सफल निविदादाता को कार्य की निविदा राशि के सापेक्ष 10 प्रतिशत धनराशि (रू0 40 हजार मात्र) की नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर के पदनाम से बन्धक एफडीआर जिसकी वैद्यता वारन्टी अवधि की समाप्ति के दो माह बाद तक की होगी, कार्यपूर्ति जमानत के रूप में अनुबन्ध गठित करते समय कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य है।

21. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त/अस्वीकृत करने अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर को होगा।

(कपूर सिंह)
प्र0 अधिष्ठान लिपिक
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(राजू नबियाल)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर
उधमसिंहनगर

(जुबक मोहन सक्सेना)
वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(विशाल मिश्रा)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर

(रामपाल सिंह)
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंहनगर